## खबर संक्षेप

### सिकिल सेल हितग्राहियों को लगाया गया टीका



गोहपारू। भारत सरकार के संकल्प के तहत 2047 तक सिकिल सेल उन्मूलन के मिशन में गांव-गांव में सिकिल सेल बीमारी से ग्रसित लोगों के स्क्रीन के बाद चिन्हित हितग्राहियो को बीते दिनों गोहपारू समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकास खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यूबी सिंह एवं समस्त स्वास्थ्य अमला के मौजूदगी में सिकिल सेल का टीका लगाया गया, गौरतलब है की इस दौरान डॉ.यूबी सिंह ने पीड़ित हितग्राहियो को समय समय पर टीका लगवाने का आग्रह भी किया गया साथ बीमारी से निजात पाने के टिप्स भी बताये।

### आयुक्त शहडोल संभाग ने समय सीमा के पत्रों की समीक्षा की



शहडोल। आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल जिले से संबंधित समय सीमा के पत्रों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के संबंध में मार्गदर्शन दिया। बैठक में राजस्व विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, राहत राशि के वितरण, मुआवजा वितरण तथा अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, अपर कलेक्टर शहडोल श्री सरोधन सिंह, एसडीएम सोहागपुर श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिया एक्का, तहसीलदार सोहागपुर श्रीमती दिव्या सिंह, आरसीएमएस आईटी राजस्व सलाहकार समन्वयक श्री उपेंद्र कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### जयसिंहनगर में स्वास्थ्य केन्द्र में जल्द पदस्थ होंगे अनुभवी चिकित्सक

जयसिंहनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहनगर में बिल्डिंग तो बनकर तैयार हो गई है , लेकिन अनुभवी चिकित्सकों के ना होने के कारण जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेज क्षेत्रीय लोगों को जाना पड़ता है। जयसिंहनगर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमें 87 ग्राम पंचायतें है, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहनगर से लगभग 50 कि.मी. की दूरी तक गांव बसा हुआ है। कई बार जयसिंहनगर दूरी होने के कारण गर्भवती माताओं एवं मरीजों की पहुंचते-पहुंचते ही रास्ते में मृत्यु हो जाती है और अनुभवी डाक्टरों की कमी होने से जयसिंहनगर से शहडोल रेफर होने पर 100 कि.मी. की दूरी का सफर हो जाता है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ हो जाती है। उपचार ना होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहनगर में इकलौते एक ऐसे डाक्टर थे राजेश तिवारी जो लगभग 15 वर्षो से यहॉ पदस्थ थे, अपनी सेवा 24 घंटे देते थे, जनमानस में एक विश्वास था कि डाक्टर राजेश तिवारी है तो, हमारी चिकित्सा अच्छी होगी। एक पारिवारिक जुड़ाव लोगों में था, लेकिन उनका प्रमोशन पन्ना जिला चिकित्सा अधिकारी के लिए हो गया है। जिसके कारण पूर्णरूपेण क्षेत्रीय जनमानस में निराशा है। क्षेत्रीय जनमानस की मांग थी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहनगर में अच्छे अनुभवी चिकित्सकों की पदस्थापना होनी चाहिए , जिससे लोगों को सुचारू रूप से चिकित्सा सेवा मिल सके। जिसकी चिन्ता व्यक्त करते पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरूण गौतम, निर्वतमान मण्डल अध्यक्ष जयसिहनगर रामनारायण पाण्डेय, निर्वतमान मण्डल अध्यक्ष करकी राजेश द्विवेदी भोपाल उपमुख्यमंत्री निवास पहुंचकर राजेन्द्र शुक्ल से मिलकर लिखित रूप से पत्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु विशेषज्ञ, मेडिसिन एवं एक सर्जन डाक्टर की पदस्थापना के लिये आग्रह किया गया है।

## सिर्फ धनपुरी नपा क्षेत्र में ही दो दर्जन स्थानों पर कई टन कोयले की खपत

# अवैध खनन, मजदूरों का शोषण और प्रदूषण का पर्याय बने ईंट भट्टे







### समीपी ग्रामों सहित उत्तरप्रदेश से मजदूर परिवारों को लाकर कर रहे उनका शोषण

**-जिले के अकेले धनपुरी थाना क्षेत्र में महज नपा के ही कुछ वार्डो में दो दर्जन से अधिक ईंट भ_ों के अवैध ठीहों पर 50 लाख से अधिक ईंटें पक रही है, यहां प्रतिदिन अवैध उत्खनन कर कोयला खप रहा है, समीपी नालो से रेत के अलावा भ_ों से उठ रहे धुएं पूरे क्षेत्र को जहरीला कर दिया है। बच्चे और महिलाएं तक बिना सुरक्षा उपायों के दोजून की रोटी के लिए जिंदगी को दांव पर लगाते नजर आ रहे हैं।**







धनपुरी/ शहडोल।

कोल संपदा से परिपूर्ण जिले के दर्जनों ग्रामों और कस्बों में ईंट का कारोबार बिना अनुमति के अर्से से संचालित है, स्थानीय राजस्व कर्मचारियों के साथ ही पुलिस और श्रम, वन एवं खनिज अमले के जिम्मेदार लगभग इस अवैध कारोबार को मान्यता प्रदान कर चुके हैं, अकेले धनपुरी थाना क्षेत्र के कब्रस्तान एरिया के अलावा नपा के अन्य वार्डो में अवैध रूप से ईंट निर्माण का कारोबार अब एक उद्योग की शक्ल ले चुका है, यहां सायकिलों के साथ ही पिकअप वाहन पर कोयला अवैध उत्खनन कर पहुंचाने के लिए एक अलग गिरोह सक्रिय है, यही स्थिति ईंट भ_ पर उपयोग में आने वाली रेत की है, जिसे पास के नदी-नालों से चोरी कर यहां खपाया जा रहा है। कहने को तो, राजस्व विभाग के द्वारा कुछ एक जाति वर्ग के काश्तकारों को ईंट निर्माण के लिए अनुमति प्रदान करने के नियम है, लेकिन जिन शर्तों को पूरा करने का उल्लेख शासन की गाइड लाईन में किया गया है, उनका कहीं ओर-छोर और पालन होता यहां नजर नहीं आता।

### हर दिन टनों कोयले की खपत

धनपुरी के आस-पास के बंद और खुली खदानों से कोयले का अवैध उत्खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है, खासकर कब्रस्तान क्षेत्र में दर्जन भर ईंट भ_ों के इतने बड़े ठीहें हैं, जिन्होंने अब उद्योग की शक्ल ले ली है। चारों तरफ जंगल से घिरे इस क्षेत्र में अवैध उत्खनन और चोरी कर प्रतिदिन टनों कोयला पहुंच रहा है, इस कोयले से ही ईंटों का निर्माण हो रहा है। कोयले के उत्खनन से लेकर सायकिलों में परिवहन होकर यहां पहुंचने के साथ ही हर ईंट भ_ पर खुले में रखा चोरी कोयला और कोयले से भ_ो को पकाने का सिलसिला बदस्तूर खुलेआम जारी है।

### जंगल में फैला जहरीला धुआं

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों का उल्लंघन करते हुए बिना चिमनी व बिना अनुमति तथा सूचना के ही दर्जनों ईंट भ_ इस बात की ओर इशारा करते हैं कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए बनाया गया क्षेत्रीय कार्यालय या तो चिरनिद्रा में जा चुका है या फिर



जिम्मेदारों के घर भी लाल ईंट या हरे नोट पहुंच रहे हैं। उक्त क्षेत्र में चारों तरफ ईंट भ_ो से उठता जहरीला धुआं वनों के साथ ही समीपी रहवासी क्षेत्र के लिए भी काल बना हुआ है। अकेले धनपुरी नपा क्षेत्र में ही अवैध ईंट भ_ों के बड़े कारोबारियों में शामिल लोग साकिर, गोलू प्रजापति, बल्लू लोधी, गोलू कुशवाहा, सागर, देवा, नारायण करकटी, राजू, मुन्ना, पप्पू, बबलू, सरईकांपा क्षेत्र में सोनी नामक बड़े कारोबारी, नरगड़ा क्षेत्र में गोपाल, अर्जुन, कमलेश, हॉस्पिटल के पीछे कुरैशी बंधू, सिलपरी व चीप हाऊस क्षेत्र में सोनकर परिवार के 8 से 10 भ_ धधक रहे हैं। वहीं नरगड़ा श्मशान घाट के पास रतन, गुलाब , रोशन, थाने के ठीक पीछे मंजू और गुड्डू जेसीबी लगाकर मिट्टी और कोयले की आपूर्ति करते हैं, पास में ही राज कुरैशी का भी नाम जैसे प्रमुख नाम शामिल है।

### श्रम विभाग यहां भी बेखबर

दो दर्जन से अधिक ईंट भ_ सिर्फ कब्रस्तान क्षेत्र में ही धधक रहे हैं, हर ईंट भ_ के पीछे एक दर्जन मजदूर जिसमें छोटे बच्चों से लेकर गर्भवती महिलाएं तक शामिल है। न्यूनतम वेतन से भी कम दामों में मजदूरी कर रहे हैं। धधक रहे ईंट भ_ो के ऊपर कोयले की लेयर और ईंटों को सजाने में न नौतपा की धूप से उन्हें राहत मिल रही है और न ही पैरों में चप्पल और हाथों में दस्ताने ही मुहैया कराये गये हैं। किसी भी श्रमिक को खाते में मजदूरी देना तो, दूर की कौड़ी नजर आती है, अलबत्ता संभागीय मुख्यालय में बैठे श्रम विभाग के जिम्मेदार छोटे-छोटे दुकानों को निशाना बनाकर अपनी रोटी जरूर सेक रहे हैं।





### क्षेत्राधिकार नहीं, फिर भी मजे

अवैध रूप से संचालित ईंट भ_ और यहां खप रहे खनिज से लेकर श्रम कानूनों की उड़ रही धज्जियों के संदर्भ में संबंधित विभाग क्या कर रहे हैं, यह तो वही जाने, लेकिन क्षेत्रीय पुलिस के जिम्मेदार इन सबसे ऊपर सूची बनाकर इन ईंट भ_ों पर आमद जरूर दे देते हैं, इस मामले में बीट प्रभारियों ने तो हदें पार कर दी हैं, कभी थाना प्रभारी और कभी अन्य नामों पर ईंट भ_ो से रूपये और ईंटों की वसूली और इन सबकी चर्चा, अब इस अंचल में आम हो चुकी है।

### इनका कहना है...

**अभी मैं सुबह से ही कोर्ट पेशी में हूं।**
**खेमसिंह पेन्द्रो**
**थाना प्रभारी, धनपुरी**

उक्त क्षेत्र में जल्द ही टीम भेजकर कोयले और रेत के संदर्भ में जांच की जायेगी।
**राहुल शांडिल्य**
**जिला खनिज अधिकारी शहडोल**

## आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दें: कमिश्नर

शहडोल।

कमिश्नर कार्यालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से रीवा कमिश्नर बी.एस.जामोद ने बाणसागर परियोजना से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए बाणसागर परियोजना से प्रभावित सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके 25 जून तक राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित करके इनमें प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात कर दें। सूचनाओं का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सभी जिले सतत संपर्क में रहें। बाढ़ से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दें।

कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध की अप स्ट्रीम तथा डाउन स्ट्रीम में बाढ़ संभावित क्षेत्र



चिन्हांकित हैं। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। बाणसागर बांध की डाउन स्ट्रीम में सीधी तथा सिंगरौली जिले के 129 गांव, कटनी जिले के 27 गांव तथा उमरिया जिले के 18 गांव बांध के बैक वाटर से प्रभावित होते हैं।

आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें।

बैठक में आईजी रीवा रेंज गौरव राजपूत ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयारियां कर ली गईं तो कोई परेशानी नहीं होगी। बाणसागर बांध में अधिकतम जल स्तर तक पानी आने से पहले ही उसे नियंत्रित रूप से छोडऩा शुरू कर दें। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों तथा होमगार्ड्स एवं राहत और बचाव से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल नम्बर व्हाट्सएप ग्रुप में अपडेट कर लें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट भी भण्डारित कराएं। जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी तत्परता से बाढ़ संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। सभी कंट्रोल रूम एक दूसरे की सूचनाएं साझा करें।

बैठक में मुख्य अभियंता गंगा कछार अशोक डेहरिया ने बाणसागर बांध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बांध के जल भराव क्षेत्र में 79 गांव आंशिक रूप से डूब में आते हैं। इन गांवों में ही बाढ़ की समस्या होती है। बांध के पूरे क्षेत्र को 6 जोन में बांट कर जोनल अधिकारी तैनात कर दिये गये हैं। कटनी जिले के 27 गांव तथा उमरिया जिले के 18 गांव बांध के बैक वाटर से प्रभावित होते हैं। बैठक में लोक निर्माण विभाग को अति वर्षा की स्थिति में जलमग्न होने वाले पुल-पुलियों में संकेतक तथा बैरियर लगाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में अपर कमिश्नर नीतू माथुर, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी संजय खाण्डे, कार्यपालन यंत्री मनोज तिवारी, कार्यपालन यंत्री आरपीएस कंवर, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, उपायुक्त श्रेयस गोखले, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्चुअल माध्यम से आईजी अनुराग शर्मा, डीआईजी शहडोल सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर सीधी, कलेक्टर मैहर तथा विभिन्न जिलों के पुलिस, राजस्व एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

## मेडिकल कालेज में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**शहडोल।** बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में रक्त दाता दिवस के अवसर पर एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन अस्पताल के अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह द्वारा किया गया, जबकि पहले रक्तदान का कार्य अस्पताल प्रबंधक डॉ. अब्दुल साबिर खान ने किया। यह आयोजन न केवल रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में इसकी उपयोगिता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस शिविर में डॉ. नागेंद्र सिंह ने रक्तदान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा, रक्तदान न केवल जीवन रक्षक है, बल्कि यह समाज सेवा का एक अनमोल रूप भी है। एक व्यक्ति का रक्तदान कई ज़िंदगियों को बचा सकता है। हमें समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। उक्त शिविर में डॉ. मारिया और डॉ. अंजलि दुबे ने भी अपने विचार साझा किए। डॉ. मारिया ने कहा, ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन सामाजिक सोच को प्रोत्साहित करता है और जरूरतमंद लोगों की वास्तविक सेवा का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।डॉ. अंजलि दुबे ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के छात्रों का इस तरह के आयोजनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना उनकी सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। इस आयोजन में मेडिकल छात्र-छात्राओं, नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी की। सभी ने मिलकर



रक्तदान कर समाज के प्रति अपने योगदान को सुनिश्चित किया। शिविर में एकत्रित रक्त को सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया, ताकि आवश्यकता पडऩे पर मरीजों की मदद की जा सके। अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा शिक्षकों की टीम ने भी इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदान समन्वयक के रूप में जिला अस्पताल की ब्लड डोनेशन टीम ने सराहनीय कार्य किया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह और अस्पताल प्रबंधक डॉ. अब्दुल साबिर खान ने इस आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। इस तरह के आयोजनों से केवल रक्त की कमी को ही दूर नहीं किया जा सकता, बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक सोच को भी जन्म देता है। रक्त दाता दिवस पर आयोजित यह शिविर एक प्रेरणा है, जो हर व्यक्ति को रक्तदान की महत्ता को समझने और दूसरों के जीवन को सुरक्षित करने के लिए प्रेरित करता है।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला- शहडोल म.प्र.

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2025-26/495 **ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** धनपुरी दिनांक- 12/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनॉंक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 464-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Construction of RCC drain at ward no 21 dheeru house to raja house to transformer to pearl palace. | 60 दिवस 13.39 लाख | 2000/- एवं 10000/- | 11/07/2025 05:30PM |
| 2 | 465-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Construction of CC Road at ward no 05 backside of kali mandir to Vishram baiga house. | 60 दिवस 15.54 लाख | 2000/- एवं 11600/- | 11/07/2025 05:30PM |
| 3 | 466-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Construction of CC Road at ward no 03 Siding Road manoj panika house to shivlal house. | 60 दिवस 15.79 लाख | 2000/- एवं 11800/- | 11/07/2025 05:30PM |
| 4 | 467-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Construction of CC Road at ward no 26 at silpari basti to solid waste management. | 60 दिवस 17.51 लाख | 2000/- एवं 13150/- | 11/07/2025 05:30PM |
| 5 | 468-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Construction of BT road at ward no 03 backside of block office to arahant colony. | 60 दिवस 18.50 लाख | 2000/- एवं 13900/- | 11/07/2025 05:30PM |
| 6 | 469-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Construction of CC Road at ward no 27 hammal to pankha ghar. | 60 दिवस 20.37 लाख | 2000/- एवं 15300/- | 11/07/2025 05:30PM |
| 7 | 471-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Construction of RCC Covered Drain at ward no 27 kalam tyre to shera house.(Second Call) | 60 दिवस 1.82 लाख | 2000/- एवं 1820/- | 27/06/2025 05:30PM |
| 8 | 472-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Const/maint of RCC Drain and RCC slab at ward no 27 Yusuf baig house to Mumtaj gudda house. (Second Call) | 60 दिवस 2.02 लाख | 2000/- एवं 2020/- | 27/06/2025 05:30PM |
| 9 | 473-DATE-09-06-2025 2025_UAD_429906_1 | Construction of Pathway at ward no 27 Naeem khan house to anganbadi.(Second Call) | 60 दिवस 7.08 लाख | 2000/- एवं 7800/- | 27/06/2025 05:30PM |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला- शहडोल म.प्र.**


## अखिल भारतीय सत्य सनातन संघ ने की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा

# पुष्पराज सिंह प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त

शहडोल ।

सनातन धर्म, जिसे हिन्दू धर्म या वैदिक धर्म भी कहा जाता है, एक प्राचीन धर्म है जिसका अर्थ है शाश्वत धर्म या सदा बना रहने वाला धर्म इसका कोई आदि या अंत नहीं माना जाता है। सनातन धर्म दुनिया के सबसे पुराने धर्मों में से एक माना जाता है। अखिल भारतीय सत्य सनातन संघ का उद्देश्य सनातन धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए जन-जन में सनातन एवं राष्ट्र प्रेम की अलख जगाना है। सनातन धर्म हमें अपनी एवं हमारी संस्कृति की सुरक्षा का संदेश देता है वहीं लगातार राष्ट्र में बढ़ते सनातन के प्रति जागरूकता के अभाव को दूर करने हेतु अखिल भारतीय सत्य सनातन संघ की स्थापना की गयी है। अखिल भारतीय सत्य सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित भदौरिया के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत में सत्य सनातन संघ की कार्यकारिणी घोषित की जाएगी, जिसमें सनातन से जुड़े सभी वर्ग के लोगों को जोडऩे का लक्ष्य रखा गया है।

### मध्यप्रदेश में कार्यकारिणी घोषित

अखिल भारतीय सत्य सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित भदौरिया ने मध्यप्रदेश में प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें डॉक्टर अजीत सिंह (कटनी) कार्यकारी अध्यक्ष, बलवीर सिंह परमार (ग्वालियर) उपाध्यक्ष, उपेंद्र द्विवेदी (रीवा) मीडिया प्रभारी, पुष्पराज सिंह संगठन महामंत्री (शहडोल) प्रत्यूष शील तिवारी (रीवा) एवं मुनेंद्र सिंह परिहार सतना महामंत्री, पीयूष वर्मा (जबलपुर) एवं गंगा प्रसाद यादव (बैतूल) को सचिव नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नव नियुक्त समस्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से सनातन के प्रति समाज में जागरूकता लाने की अपील करते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यकारिणी घोषित की जाएगी जहां सनातनियों को जोडक़र सनातन की रक्षा हेतु अलख जगाने का प्रयास किया जाएगा ।



### इन्होंने ने दी शुभकामनाएं

अखिल भारतीय सत्य सनातन संघ के प्रदेश संगठन इकाई में मध्यप्रदेश के संगठन महामंत्री नियुक्त किए जाने पर पुष्पराज सिंह को शहडोल संभाग के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों, सनातनियों एवं उनके निकट संबंधियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**खबर संक्षेप**

### सीएमएचओ ने ग्राम आरोग्य केन्द्रों का किया निरीक्षण



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.एस.चंदेल ने गत दिवस ग्राम आरोग्य केन्द्रों का निरीक्षण किया । श्री चंदेल ने ग्राम लोरहा ,दुब्बार का औचक निरीक्षण किया जहां गर्ववती माताओं की जांच, व नवजात बच्चों के स्वथ्य का परीक्षण किया जा रहा था,उनके द्वारा उपस्थित सीएचओ, ए एनएम आशा को निर्देशित किया गया कि महिलाओं की सभी प्रकार जांच समय पर की जाए,तथा उच्च जोखिम की महिलाओं को उचित इलाज करे आवश्यकता पडऩे पर उच्च संस्था में रेफर करें। भ्रमण के दौरान रोहित सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न



**उमरिया।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के माध्यम से 15 यूनिट ब्लड का रक्तदान किया गया । सिविल सर्जन डा के सी सोनी ने कहा कि रक्तदान एक महादान है । क्योकि आपके व्दारा दिए गए रक्त से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है । इसलिए आवश्यक है कि समय समय पर रक्तदान करना चाहिए । रक्तदान करने के लिए शरीर को स्वस्थ्य होना जरूरी है। रक्तदान करने से सेहत अच्छी रहती है । इसलिए आवश्यक है कि समय समय पर रक्तदान करना चाहिए । इस अवसर पर डा मुकुल तिवारी, अखिलेश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे ।

## नवलपुर पंचायत में बगैर स्टीमेट बन गई सीसी सड़क

# राम-नाम की लूट है, लूट सके तो लूट

### पंचायत के खजाने में सेंध लगाने रचा गया षड्यंत्र

**शहडोल।** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य कराके जहां सरकारी बजट को चूना लगाया जा रहा है, वहीं पंचायत प्रतिनिधि हर काम में कमाई के चक्कर में कायदे कानून ताक पर रखकर कायदे कानून के पालन से बेपरवाह हैं। उन्हें न जांच की चिंता है, न अधिकारियों का डर है। जिले की सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायतों में सरंपच, सचिव और वेण्डर की तिकड़ी का बेलगाम राज चल रहा है। सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायत नवलपुर में वर्तमान में पदस्थ उपसरपंच ने अपने कार्यकाल में पहले भी ऐसे तमाम काम कराए गए, जिनमें कमाई का रास्ता नजर आया।

यहां तक कि कई अनुपयोगी काम भी करा दिए गए हैं, ऐसे तमाम निर्माण कार्य कराके जिम्मेदारों ने अपना-अपना हिस्सा तो ले लिया पर यह निर्माण कार्य अनुपयोगी पड़े-पड़े बर्बादी की कगार पर हैं। गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज का गठन किया गया है, ताकि समस्या को गांव के लोग आपस मे मिलकर सुलझा सके और गांवों की छोटी, मोटी समस्या को पंचायत के सरपंच-सचिव, उपसरपंच ग्रामवासी मिलकर दूर कर सकें। इसके लिए ग्राम पंचायत में मूलभूत चौदहवें-पंद्रहवें वित्त व पंचायत को टैक्स वसूली की योजनाओं से पंचायत की खाते में राशि आती है, जिससे पंचायत की आवश्यकता अनुसार खर्च किया जाता है, लेकिन जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत नवलपुर कायदों को रौंद निर्माण कार्य कराया जा रहा है।





#### खुद का किया विकास

राम नाम की लूट है, लूट सको तो लूट की तर्ज पर ग्राम पंचायत नवलपुर में विकास कार्य के लिए आये पैसे का बंदरबांट कर हाजमोला की गोली खिला कर हजम किया जा रहा है, चर्चा है कि पंचायत के उपसरपंच द्वारा बगैर तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति के गुड्डन वर्मा के घर से पाण्डेय तल्लैया तक पहुंच मार्ग बना गया है, लगभग 100 मीटर की सडक़ में उपसरपंच ने लगभग 4 लाख के आस-पास की राशि खर्च तो कर दी, आश्चर्य की बात यह है कि निर्माण पूरा होने के बाद अब उपयंत्री एवं एसडीओ पर तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

#### गुणवत्ता दरकिनार

सीसी सडक़ निर्माण में गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से निर्माण कराया गया है, शासन की गाइड लाइन के अनुसार किसी भी शासकीय कार्य को प्रारंभ करने से पहले वहां प्राक्कलन बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जिसमें उसकी लागत, कार्य प्रारंभ व समाप्ति दिवस, मद, संबंधित इंजीनियर का नाम, मोबाइल नंबर आदि का उल्लेख करना होता है, नवलपुर पंचायत में सडक़ चल रहा है, लेकिन बोर्ड नहीं लगाया गया, ऐसा नहीं है कि जनपद के किसी अधिकारी या कर्मचारी को इस मामले में की जानकारी नहीं है, उपसरपंच ने अपने खेत तक पहुंच मार्ग बनाने के फेर में कायदों को रौंद कर रख दिया है।

#### व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार

सोहागपुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत बीते माहों में पुलिया और नदियों में स्टॉप डैम निर्माण की ऐसी बाढ़ आई कि जल संवर्धन की दिशा में लाखों रूपये की लागत से कई स्टॉप डैम का निर्माण धड़ल्ले से हुए है, पुलिया निर्माण, सीसी सडक़ निर्माण के नाम पर व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, निर्माण कार्य में मापदण्डों की धज्जियां उड़ाई जा रही है, नवलपुर पंचायत में बगैर एएस, टीएस के सडक़ बनकर तैयार है, लेकिन राशि स्वीकृत न होने के चलते अब यह रोड उपसरपंच के सिर पर लद चुकी है, जिसके चलते अब उपयंत्री एवं एसडीओ पर दबाव बनाया जा रहा है, जागरूक लोगों ने मांग की है कि उक्त सडक़ के लिए अगर अब राशि स्वीकृत होती है तो, यह साफ हो जायेगा कि पूरा जनपद का तंत्र भ्रष्टाचार के साथ खड़ा है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में डी एल सी सी एवं डीएलआरसी की बैठक संपन्न हुई । कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों में ऋण स्वीकृति के बाद ऋण का वितरण समय सीमा में किया जाए । उन्होने जिले की सीडी रेशियों में कमी आने से गहन चिंता व्यक्त की एवं बैंकों को तथा जिले के संबंधित विभाग पशुपालन,मत्स्य, जन जातीय कार्य विभाग,जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, उद्यानिकी विभाग को बड़ा प्रोजेक्ट लाने एवं विस्थापित करने एवं जिले के बैंकों में ऋण कराने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त विभाग प्रमुखों तथा बैंकर्स को संपूर्ण तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित होने एवं टारगेट नियत समय अवधि टीएटी में निराकरण कर स्वीकृति एवं वितरण करने हेतु निर्देशित किए साथ ही जो बैंक या विभाग द्वारा लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की बात कही गई।बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवक राम सोनवानी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में विभागवार प्रगति रिपोर्ट प्रेषित किया गया। अंत में नाबार्ड से डीडीएम विकास कुमार जैन द्वारा प्री पीएलपी एवं वार्षिक क्रेडिट प्लान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही संपूर्ण टारगेट समय पर पूर्ण करने हेतु कहा गया । अंत में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवक राम सोनवानी द्वारा जिले में बैंकर्स एवं विभाग के साथ मिलकर इस वित्तीय वर्ष में अच्छा प्रदर्शन करने की बात कही गई । बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह , आरबीआई भोपाल से एलडीओ राम नागर,क्षेत्रीय कार्यालय मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शहडोल से क्षेत्रीय प्रबंधक अभय तिवारी, तथा जिले के संबंधित समस्त विभाग प्रमुख एवं समस्त शाखा प्रबंधक , मुख्य प्रबंधक उपस्थित रहे।



## मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंध

**उमरिया।** मध्यप्रदेश राज्य में मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को मत्स्य प्रजनन काल होने से बंद ऋतु घोषित किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, मछली पालन के ज्ञापन के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है, और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अन्तर्गत नही लाया गया है, को छोडकर समस्त नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नियमों के उल्लंघन पर मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या रू0 5000.00 (रू0 पांच हजार) का जुर्माना या दोनों से दंण्डित किये जाने का प्रावधान है। अधिसूचना के माध्यम से सर्व संबंधित व मत्स्यजीवियों से कहा गया है कि वे इस अवधि में किसी भी प्रकार मत्स्याखेट / कय-विक्रय/परिवहन न करे, और न ही ऐसे कार्य में किसी अन्य को सहयोग दें अन्यथा कि स्थिति में उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी।

## रक्तवीर हिमांशु तिवारी ने 30वीं बार किया रक्तदान



**उमरिया।** रक्तदान के प्रति लग्न किसी-किसी में होती है और वह भी ऐसी की पूरा जीवन ही रक्तदान को समर्पित कर दिया हो। 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर जब ऐसे लोगों की चर्चा होती है तो एक ऐसा व्यक्तित्व सामने आता है जो समाजसेवा की जिम्मेदारी के साथ मानवता का धर्म निभा रहे हैं। रक्तवीर हिमांशु तिवारी न केवल स्वयं रक्तदान करते हैं अपितु वे रक्तदान शिविर लगाते हैं। जिले भर में 50 से भी अधिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगा चुके हैं। उन्होंने शहीद दिवस पर 23 मार्च 2018 को प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया था जो 50 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आंकड़ा पूरा कर गया है। इसी क्रम में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्त वीर हिमांशु तिवारी ने 30वीं बार रक्तदान कर जीवनदान का संदेश दिया।सबसे पहले उन्होंने 18 साल की उम्र में रक्तदान किया था। इसके बाद वे साल में दो बार रक्तदान करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करके किसी की जिंदगी बचाने से बेहद सुकून मिलता है। इससे नेक काम और कोई नहीं हो सकता। इसके लिए लोगों को बढ़-चढक़र आगे आना चाहिए। जिला चिकित्सालय उमरिया में रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया।। जिसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर के.सी सोनी, ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ संदीप सिंह, लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में रक्तदाता हिमांशु तिवारी को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## आज से जनपद पंचायतों के चयनित ग्रामों में कैम्प का आयोजन

**उमरिया।** मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए 15 जून से 30 जून 2025 तक हितग्राही मूलक योजनाओं का सेचुरेशन कैम्प आयोजित किया जाना है। जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह को नोडल अधिकारी तथा संबधित विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विकास खण्ड स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली/मानपुर एवं पाली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा कर आदेश जारी किया गया था । नोडल अधिकारी मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली/पाली/मानपुर को नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायतो के चयनित ग्रामों में कैम्प का आयोजन समय प्रातः 10 बजे से सांय 60 बजे तक आयोजित होगा । मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ने कहा है कि संबंधित कार्यालय प्रमुख अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं योजनाओं से हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभांवित किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही शिविर के दिन लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी , फोटोग्राफ , वीडियो नोडल अधिकारी सीईओ जनपद पंचायत को उपलब्धी कराएंगे । नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकार जनपद पंचायत आदि प्रसारण पोर्टल पर प्रतिदिन जानकारी अपलोड करवाना सुनिश्चित करेगे । नोडल अधिकारी अपने स्तर से अधीनस्थो, सचिव, रोजगार सहायकों को निर्देशित करें कि आदिवासी गांवों में निवासरत वंचित जन जातीय हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें चिन्हांकित कर शिविर तक लाने, शिविर में लाभ दिलाने व उनकी सूची कार्यालय में प्रेषित करने हेतु निर्देशित करेंगे ।

## बिजुरी पुलिस ने की 16 गुम स्मार्ट फोन की बरामदगी



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को मोबाइल फोन गुमने की रिपोर्ट दर्ज कराये जाने पर तत्काल मोबाइल की जानकारी CEIR पोर्टल दर्ज कर मोबाइल पतारसी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर मे तत्परता पूर्वक गुम मोबाइल को प्राप्त कर रिपोर्टकर्ता को सौंपने हेतु अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुपालन पर बिजुरी पुलिस द्वारा रामप्रसाद पिता बिसाहुलाल नि0 वार्ट क्रं0 06 मोहडादफाई, भीमसेन पाव पिता दलवीर सिंह पाव नि0 भलमुडी थाना बिजुरी, अतुल कुमार केवट पिता ओमप्रकाश केवट निवासी बदरा थाना भालूमाडा, पन्नालाल गुप्ता पिता बद्री प्रसाद गुप्ता उम्र 52 वर्ष निवासी उर्जानगर बी-ब्लाक थाना बिजुरी, सुधा देवी केवट पति चिंतामणी केवट निवासी थानगांव थाना बिजुरी, सुशीला पति महेन्द्र दास नि0 बिजुरी, अमन नोहत पिता मुन्नालाल नोहत निवासी कपिलधारा थाना बिजुरी, रमेश प्रसाद यादव पिता छोटेलाल यादव निवासी दलदल थाना बिजुरी, गौरी मिश्रा पति स्व. वाल्मिक मिश्रा निवासी दलदल थाना बिजुरी, अजय केवट पिता शोभनाथ केवट नि0 बैहाटोला, उषा पति दलपत सिंह निवासी नन्दगांव थाना बिजुरी, केमला प्रसाद यादव पिता शिव जनक यादव नि0 धनगवा, अब्दुल आतिफ आंसारी पिता अब्दुल नासिम आंसारी निवासी वार्ड नं. 16 जुनापुरा बैकुण्डपुर जिला कोरिया (छ.ग.), माखन पिता कमलेश नि0 बेलिया छोट थाना बिजुरी, हीरालाल पनिका पिता श्यामलाल पनिका नि0 कपिलधारा तथा प्रभु पाव पिता लल्ला पाव उम्र 42 साल नि0 परसापानी थाना बिजुरी के फोन को तलाश करके फरियादियो को वापस किया गया। इस प्रकार बिजुरी पुलिस द्वारा अति पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी और एसडीओपी श्रीमती आरती शाक्य के कुशल मार्गदर्शन में अभियान चलाकर पिछले 7 दिवस में कुल 16 गुम मोबाइल बरामद किए जाकर मोबाइल धारकों को वापस किए गया, मोबाइल प्राप्त होने पर सभी के द्वारा अनूपपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरी0 विकास सिंह, उप निरी0 मानिम टोप्पो, सउनि0 प्रदीप अग्निहोत्री, आर0 प्रभाकर त्रिपाठी, रामनिवास गुर्जर, सुनील यादव, आनन्द बैस एवं रवि सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर मारपीट करने एवं घर से निकाल देने के संबंध में शिकायत दर्ज

**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत लतार गांव निवासी हेमलता चौधरी पति प्रताप नारायण चौधरी उम्र 28 साल ने थाना भालूमाड़ा में शिकायत करते हुए पुलिस को बताया कि अपने पति प्रताप नारायण, सांस ननकी देवी, ससुर लल्लाराम चौधरी सभी निवासी ग्राम लतार के विरुध्द दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने एवं 03 जून को मारपीट कर घर से निकाल देने के संबंध मे शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रताप नारायण चौधरी पिता लल्लाराम चौधरी, ननकी देवी पति लल्लाराम चौधरी एवं लल्लाराम चौधरी पिता दुख्खी चौधरी सभी निवासी ग्राम लतार के विरुध्द धारा 85,115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शिकायत में बताया कि मेरे पति, सास एवं ससुर द्वारा दहेज की मांग को लेकर मेरे साथ आये दिन मारपीट करते हुए जान से मार देने की धमकी देते हैं उसने बताया कि उसका मायका ग्राम पिपरिया थाना कोतमा में है उसकी शादी सन 2018 में ग्राम लतार के प्रताप नारायण चौधरी के साथ हुई थी जिससे मेरे दो बच्चे है शादी के बाद से मेरे पति प्रताप चौधरी, सास ननकी देवी, ससुर लल्ला राम चौधरी दहेज की मांग को लेकर मेरे साथ घर में हमेशा मारपीट करते रहते है मुझे प्रताड़ित करते रहते है मुझे कहते है कि अपने मायका से 500000/- रुपये लेकर आओ तब हम तुमको घर में रहने देगें यह बात मैं मायके जाकर अपने भाई और भाभी को बताती थी 03 जून को मेरी सास ननकी देवी हाथ मुक्का से तथा पति लोहे की पाईप से मारपीट कर मुझे घर से निकाल दिये है मेरे दोनो बच्चो को अपने पास रख लिये है।

## नशा मुक्त भारत अभियान : रैली का किया गया आयोजन




**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।** महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सतीश कुमार जैन के मार्ग दर्शन में आंगनवाड़ी केन्द्र चंगेरी सेक्टर कोतमा परियोजना के अन्तर्गत सेक्टर केंद्र चंगेरी के आंगनबाड़ी केंद्र में सरपंच की उपस्थिति में 14 जून को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली मे तख्तियों पर नशा मुक्त सम्बन्धी नारे लेखन प्रदर्शन करते हुए नारे लगाते हुए ग्राम वासियों को नशा के विरुद्ध जागरूक करते हुए नशा से होने वाले नुकसान के संबंध मे जागरूकता हेतु प्रयास किया गया। रैली में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कमला सिंह, सचिव राकेश तोमर प्राथमिक शाला शिक्षिका प्रीति नामदेव, महिला एवम बाल विकास पर्यवेक्षक चिन्ती घोरमारे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सकून गुप्ता, तुलसा सिंह अमीरा सिंह, आंगनवाड़ी सहायिका, वेदवती सिंह, आशा कार्यकर्ता छैमेतिया सिंह मार्को, मोबलाइजर लीलावती सिंह तदार्थ समिति की अध्यक्ष, सचिव किशोरी बालिकाएं तथा ग्राम के जनसमुदाय ने हिस्सा लिया।

## अलग-अलग मामले में महिलाओं ने दर्ज कराई देवर के खिलाफ शिकायत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पहले मामले मे थाना अंतर्गत छुलहा गांव में रहने वाली इंदरिया बाई कोल 45 वर्ष को देवर अहिवरण कोल के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज एवं धमकी दिए जाने का मामला दर्ज किया गया है। महिला एवं देवर के बीच जमीनी एवं पारिवारिक विवाद बना रहता है। महिला घर में कुछ निर्माण कार्य कर रही थी जिस दौरान विवाद हुआ। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है वही दूसरे मामले मे थाना अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाली महिला ने अपने देवर सुखलाल के खिलाफ गाली गलौज करने एवं धमकी दिए जाने की शिकायत की है। बताया जाता है कि महिला एवं देवर के बीच पारिवारिक अनबन बनी रहती है जिस कारण आए दिन दोनों पक्षों के बीच विवाद बना रहता है। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाते हुए बयान दर्ज करते हुए जांच की कार्यवाही की जा रही है।

## स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज त्रयोदशी कार्यक्रम में हुए शामिल



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के स्थानीय मार्कंडेय आश्रम पंच अग्निपीठ अखाड़ा के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि स्वामी रामकृष्णा नंद महाराज छत्तीसगढ़ रायपुर के लोकप्रिय सांसद पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल के पूजनीय पिताजी राम किशोर अग्रवाल के ब्रह्मलीन पश्चात त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में पहुंचकर उनके छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित की तथा शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया तथा उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। स्वामी रामकृष्णानंद महाराज सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास पहुंचकर उनके पिताजी के देवलोक गमन पर अपनी विनम्र शोक संवेदना व्यक्त कर विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी उनके आवास पर लगभग दो ढाई घंटे तक रहे परिवार जनों को सांत्वना दी एवं परिजनों को ढांढस बढाया। स्वामी रामाकृष्णानंद जी महाराज के साथ आश्रम के श्री राम नरेश शास्त्री भी पूरे समय साथ थे।

## खबर संक्षेप

### नामांतरण के लिए पटवारी मांग रहे पैसे

**ब्यौहारी।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जैसीनगर तहसील के ग्राम ब्रांच के निवासी राजमणि पटेल पिता शिव प्रसाद पटेल जिसका खसरा नंबर 2595 10/3 है उसके द्वारा नामांतरण के लिए पहले अर्जी लगाई गई थी लेकिन आज तक पटवारी द्वारा नामांतरण के लिए नहीं भेजा गया। आवेदक ने बताया कि नामांतरण के लिए पटवारी 50000 रुपए मांग रहा है, नामांतरण नहीं किए जाने पर आवेदक द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई। आवेदकने कलेक्टर से शीघ्र नामांतरण कराए जाने की मांग की है। जिसका कृमांक 31955492 आवेदक के द्वारा 31/12/24 को नामांतरण के लिए तहसील में आवेदन दिया गया था लेकिन पटवारी टालमटोल करता रहा जिससे परेशान होकर 25 /04/2025 को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की लेकिन सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत किए 2 माह बीत गए लेकिन अभी तक नामांतरण नहीं किया गया। जिससे काफी परेशान होना पड़ रहा है कलेक्टर से शीघ्र नामांतरण कराये जाने की मांग की है।

### जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत शिविर 15 जून से 30 जून तक

**शहडोल।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक शिविर आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान के अन्तर्गत शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही सिकलसेल रोग और उसके परीक्षण के विषय में लोगों को जागरूक किया जायेगा। शिविर में व्यक्तिगत लाभ हेतु शेष पीवीटीजी बस्तियों एवं जनजातीय गांव के चिन्हांकन, क्लस्टर स्तर पर जागरूकता एवं लाभ वितरण शिविर आयोजन, ई.के.वायसी और दस्तावेजी संबंधी सेवाओं के लिये एनजीओ, सीएससी या अन्य संगठनों को शामिल कर लाभार्थियों की रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिये हैं। शिविर में स्वास्थ्य, खाद्य, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास सामाजिक न्याय, कृषि और राजस्व आदि विभागों द्वारा लाभ दिलाने के निर्देश दिये गये हैं।

### उमरियापान में 27 जून को निकलेगी जगन्नाथ शोभायात्रा

**उमरियापान।** उमरियापान में 27 जून को भगवान रथयात्रा निकाली जायेगी।सामूहिक वैश्य समाज के संयोजन में मचखण्डा मोहल्ला स्थित जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा निकलेगी। जो प्रमुख मार्गों से होते हुए मचखण्डा मोहल्ला जगदीश स्वामी मंदिर पहुँचेगी। यहाँ भगवान के पूजन अर्चन के साथ प्रसाद वितरण और समापन होगा।

### 400 अधिवक्ताओं को किया गया नामांकित

**कटनी।** जिला निबारण समिति क़ी सदस्य एड श्रीमति अंजुला सरावगी बजाज ने जारी विग्यप्ति के माध्यम से वताया कि म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति-ए, नामांकन समिति-सी, कार्यकारिणी समिति, अपील समिति, अनुशासन समिति-सी की बैठकें आयोजित की गई। नामांकन समिति-ए के चेयरमेन राजेश कुमार शुक्ला, परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के. सिंह सैनी एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही नामांकन समिति-सी की बैठक में अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह भदौरिया, परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता एवं सदस्य खिलाड़ी लाल गंगोरे द्वारा बैठक संपन्न की गई। नामांकन समिति-ए एवं सी के द्वारा अधिवक्ताओ के हितार्थ कार्य करते हुये नवीन नामांकन आवेदन फॉर्मो पर विचारोपरांत लगभग 400 आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन पर मोहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया व 7 सनद पुर्नबहाली कर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान कार्यकारी सचिव श्रीमती गीता शुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रणय खरे, इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही परिषद की कार्यकारिणी समिति एवं अपील समिति तथा अनुशासन समिति-सी के द्वारा परिषद के महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

# ईंट भट्ठा क्षेत्र में अवैध कबाड़ दुकानों पर फिर गरमाया मामला पुलिस की निष्क्रियता से नाराज़ नागरिकों ने उठाई आवाज़

अमलाई।

अमलाई थाना अंतर्गत नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 15 एवं 14 के ईंट भट्ठा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कबाड़ की दुकानों को लेकर एक बार फिर विवाद गर्मा गया है।

नागरिकों का आरोप है कि पूर्व में हुई एक हत्या और लगातार बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों के चलते प्रशासन ने इन दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए थे, लेकिन कुछ समय बाद ये दुकानें फिर से संचालित होने लगी हैं। पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए नागरिकों ने अब पुनः सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पूर्व में हुई थी हत्या, फिर भी नहीं जागा प्रशासन

ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व इन्हीं कबाड़ दुकानों के विवाद के चलते क्षेत्र के एक 23 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया था और नगर परिषद एवं एस.डी.एम. द्वारा अवैध दुकानों को हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन कुछ समय बाद यह कार्रवाई ठंडी पड़ गई और वही दुकानें अब पुनः चालू हो गई हैं।

### स्थानीय पार्षद और सैकड़ों नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

इस गंभीर मुद्दे को लेकर भाजपा पार्षद सहित सैकड़ों नागरिकों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कबाड़ की दुकानों से क्षेत्र में गुंडागर्दी, चोरी, नशा आदि गतिविधियाँ फैल रही हैं, जिससे मोहल्ले एवं स्कूलों का माहौल दूषित हो रहा है।

### पुलिस पर लगा पक्षपात और लापरवाही का आरोप

नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार थाना अमलाई एवं संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अवैध दुकानों का संचालन खुलेआम हो रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

### ज्ञापन में की गई प्रमुख मांगें:

अवैध रूप से संचालित सभी कबाड़ दुकानों को तत्काल बंद किया जाए। स्कूल परिसर के पास से कबाड़ व्यापार को पूरी तरह हटाया जाए।

### दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए। ज्ञापन पर क्षेत्र के 80 से अधिक स्थानीय नागरिकों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें युवा, महिलाएं, व्यापारी और अभिभावक शामिल हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# वर्षो से एक ही थाने में जमें वर्दीधारियों की फूली सांस

**शहडोल।** मुख्यालय से पुलिस महकमे के आरक्षको से लेकर उपनिरीक्षक के पद स्थापना को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए 16 जून तक इसे अमल में लाने के आदेश प्रसारित किये है। आदेश में लिखा है कि चार वर्षो से एक ही थाना क्षेत्र में कार्यरत पुलिस आरक्षक और उप निरीक्षकों को तत्काल तबादला किया जाना सुनिश्चित किया जाये। अगर इस आदेश पर अमल हुआ तो निश्चित ही पुलिस महकमे में स्वच्छ, साफ और सुन्दर वातावरण बनेगा। इस कदम से जहां थाना क्षेत्रों में नया पन आयेगा, वहीं पर संगठित अपराधो पर भी प्रभावी रूप से अंकुश लगाने में पुलिस विभाग को महती सफलता मिलेगी। जिले के थानों में देखा जाये तो पुलिस महकमे में एक ही थानों में वर्षो से पुलिस आरक्षक और उप निरीक्षक स्तर के लोग जमे हुए हैं। पहले भी शासन के नियमों के तहत समय- समय पर तबादला किये जाने संबंधित आदेश जारी किये जातें रहे हैं, लेकिन जिले में उनका पालन नहीं हो पाता है। जिले के थानो में पदस्थापना की समीक्षा करने पर पाया जाता है कि जिले के अन्तर्गत एक महीने, दो महीने के लिए दूसरे थानो में सेवा देकर अपनी पदस्थापना को नई बनाने के काम में माहिर है। सोहागपुर, कोतवाली, धनपुरी, जयसिंहनगर, खैरहा, बुढ़ार की बात करे तो, इन थानों में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक वर्दीधारी लंबे समय से अंगद का पैर जमाये हुए हैं। वर्तमान में पदस्थ आलाधिकारी जिनके द्वारा आदेश को अमल करवाना है, कितना पालन कर पायेंगे, चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा है कि जिले में जल्द ही थोक में पुलिसकर्मियों के तबादले देखने को मिल सकते हैं।

# अलंकरण पब्लिक स्कूल में होगी पितृ दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता

शहडोल।

15 जून को पितृ दिवस के अवसर पर अलंकरण पब्लिक स्कूल में एक विशेष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्कूल के समर कैंप के सफल समापन के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सीमा हथगेल ने बताया कि बच्चों में अच्छी पढ़ाई के साथ-साथ उच्च संस्कार भी विकसित करना आवश्यक है। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को अपने पिता, माता, गुरु या शिक्षक के प्रति अपनी भावनाओं एवं स्मृतियों को चित्र के माध्यम से व्यक्त करने का एक मंच प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होगी और इसमें 3 से 16 वर्ष के बच्चे भाग ले सकेंगे। डॉ. सीमा ने कहा, हमारा मानना है कि कला बच्चों को अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका प्रदान करती है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हम बच्चों को अपने संबंधों को और भी गहरा बनाने का अवसर दे रहे हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के लिए 2 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता के बाद सभी चित्रों में से तीन उत्कृष्ट चित्रों का चयन किया जाएगा। चयनित चित्रों के लिए पुरस्कार राशि इस प्रकार होगी: प्रथम पुरस्कार 1000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 700 रुपये और तृतीय पुरस्कार 500 रुपये। विजेता बच्चों को उनकी कला के लिए प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक बच्चों के अभिभावक अधिक जानकारी के लिए स्कूल के ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं या 8889198268 पर कॉल कर सकते हैं।

इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह न केवल उनकी कलात्मक क्षमताओं को निखारने का अवसर है बल्कि उन्हें अपने परिवार और शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का भी एक माध्यम प्रदान करती है। अलंकरण पब्लिक स्कूल की इस पहल से यह स्पष्ट है कि वे शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने संबंधों को और मजबूत बनाएं और अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का साहस दिखाएं। 15 जून को होने वाली इस अनोखी चित्रकला प्रतियोगिता का सभी को बेसब्री से इंतजार है।

# रक्तदान महान कार्य जो जरूरतमंद व्यक्ति को देता है जीवनदान सिविल सर्जन ने रक्तदाताओं को वितरित किया प्रमाण पत्र

शहडोल।



हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करना और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना है। रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान देता है। एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है। दुर्घटना, सर्जरी, थैलेसीमिया, कैंसर जैसी बीमारियों में रक्त की जरूरत पड़ती है। रक्तदान न केवल दूसरों के लिए लाभकारी है, बल्कि यह स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है। इससे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं और रक्तसंचार बेहतर होता है। विश्व रक्तदाता दिवस प्रेरणा देता है कि रक्तदान महादान है, जीवनदान है। रक्तदान नरसेवा से नारायण सेवा का माध्यम है, जो हमारे प्रयास से अनमोल जिंदगियों के लिए वरदान बनता है। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय शहडोल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने अधिकारियों कर्मचारियों व लोगों को रक्तदान करने की शपथ दिलाई एवं रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक जिला अस्पताल श्रीमती पूजा सोनी, डॉ. शमीम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# ट्रक ने मारी कार को टक्कर, कार क्षतिग्रस्त

शहडोल।



घुनघुटी चौकी अंतर्गत पाली रोड चंदनिया तिराहे पर 13 जून 2025 शुक्रवार को शाम 6:10 बजे पाली रोड चंदनिया तिराहे पर बेलगाम ट्रक क्रमांक यूपी 71 टी 9467 ने मारी कार क्रमांक एमपी 18 सी 7315 को पीछे से मारी टक्कर कार सवार परिवार बाल-बाल बचा।

पुलिस के मुताबिक पाण्डव नगर शहडोल निवासी समाज सेवी सूर्य प्रताप सिंह अपने परिवार के साथ किसी नीजीकार्य से शहडोल से कटनी 13 जून 2025 शुक्रवार को बीती शाम 5:40 के लगभग कार क्रमांक एमपी 18 सी 7315 पर सवार होकर जा रहें थे और जैसे ही उनकी कार 13 जून 2025 शुक्रवार को बीती शाम 6:10 बजे पाली रोड चंदनिया तिराहे पहुंची तभी सोहागपुर थाने की ओर से तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 18 सी 7315 ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे कार का परखच्चे उड़ते-उड़ते बचा और कार के ड्राइवर साइड का पीछे का हिस्सा साइड डोर चपटकर जाम हो गया और पिछल बम्फर टूट गया, जिससे हजारों का नुकसान हुआ है। घटना के बाद तत्काल पीड़ित समाजसेवी ने घुनघुटी चौकी प्रभारी भूपेन्द्र पंत सहित पाली एसडीओपी व पत्रकार साथियों को दी, जिस पर तत्काल घुनघुटी चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और ट्रक मालिक व ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रक क्रमांक एमपी 18 सी 7315 को जब्त कर मामले को विवेचना में ले लिया है। हालांकि इस मामले में समाजसेवी सूर्य प्रताप सिंह सहित परिवार जोरदार झटका लगने के सिवाय कोई हताहत नही हुआ है, केवल कार का पिछला साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। इस अप्रत्याशित घटना के समय पीड़ित समाजसेवी ने पुलिस व पत्रकार साथियों को सहायता करने व सहयोग के लिए साधुवाद धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया है।

# स्वामित्व योजना के तहत जिले में हो रहा प्लॉट सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनकी आवासीय संपत्तियों का मालिकाना हक दिलाने और भूमि संबंधी विवादों को कम करने के लिए राज्य शासन द्वारा स्वामित्व योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत लोगों को संपत्ति कार्ड दिए जा रहे हैं। इस कार्ड के जरिए वे बैंक से कर्ज ले सकते हैं, जमीन गिरवी रख सकते हैं और बेच भी सकते हैं।स्वामित्व योजना के तहत अब तक कटनी जिले में 1 लाख 51 हजार 567 प्लॉट का सर्वे किया जा चुका है। इनमें कटनी तहसील के 12 हजार 141 प्लॉटों का सर्वे किया जा चुका है। इसी प्रकार कटनी नगर के 10 हजार 42 प्लॉट का , ढीमरखेड़ा तहसील के 25 हजार 449 प्लॉट का, बड़वारा तहसील के 13 हजार 873 प्लॉट का, बरही तहसील के 8 हजार 547 प्लॉट, बहोरीबंद तहसील के 23 हजार 835 प्लॉट का, रीठी तहसील के 17 हजार 717 प्लॉट का, विजयराघवगढ़ तहसील के 25 हजार 935 प्लॉट का एवं स्लीमनाबाद तहसील के 14 हजार 28 प्लॉट का सर्वे किया जा चुका है।स्वामित्व योजना सच्चे ग्राम स्वराज को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह पहल ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने और इसे आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है। स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण भारत के आर्थिक परिवर्तन को गति देना है।

### संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**कटनी।** शुक्रवार की शाम नगर निगम अतिक्रमण विभाग व बस स्टेण्ड चौकी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए बस स्टेण्ड क्षेत्र में फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की। ठेला व्यापरियो के द्वारा बीच व्यापार किया जाता है जिसमे वाहन चालको के द्वारा समग्री की खरीदी करने के लिए बीच सड़को पर अपने वाहन खड़ा कर दिया जाता है जिसमे सड़क हादसे होते है।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, युवक की ऊंगली को दांतों से काट किया अलग

कोतवाली थाना अंतर्गत चंडिका नगर मोड़ समीप हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद गहरा हो गया। बात मारपीट तक पहुंच गई। इस मारपीट में एक युवक की हाथ की उंगली को दांतों से काट कर अलग कर दिया। पीड़ित युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनो पक्षों ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है। घटना कोतवाली थाना अंतर्गत बस स्टैंड चौकी के अंतर्गत आने वाले चण्डिका नगर मोड के समीप की है।

घायल सतेन्द्र सोनी निवासी चण्डिका ने बताया कि 12/06/25 को लगभग 9:30 बजे रात में अपनी पत्नी और बेटी के साथ स्कूटी से घर लौट रहा था तभी चंडिका नगर मोड़ के पास एक कार खड़ी हो गई। गाड़ी के सामने कोई अन्य गाडी आ जाने से लक्ष्मी नारायण गौतम अपनी गाड़ी अचानक बैंक करने लगे तो जिस पर सतेन्द्र सोनी ने आवाज लगाई की गाड़ी देखकर पीछे करो। तभी वहा दिनेश तिवारी खड़ा था अचानक आया और गालिया देने लगा और बोला की गाड़ी पीछे क्यों नहीं कर रहा। गाली देने से मना किया करने पर दिनेश तिवारी ने सतेंद्र को झापड मारे तो पत्नि ने मारपीट करने से रोका। तभी दिनेश तिवारी का बड़ा बेटा नीलेश तिवारी आ गया और दोनों मिलकर मारपीट करने लगे।

पीड़ित युवक शिवकुमार सोनी के साथ रिपोर्ट करने चौकी बस स्टैंड गए तो जहाँ चौकी के बाहर दिनेश तिवारी, नीलेश तिवारी व गोलू तिवारी ने गाली देकर मारपीट की और गोलू तिवारी ने दांत से सतेंद्र के दाहिने हाथ की बीच वाली उगली में काट ली जिससे ऊँगली अलग हो गईं। युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहाँ अधिक खून बहने और दर्द ज्यादा होनें के कारण युवक को एक निजी चिकित्सालय मे भर्ती करा दिया है। पुलिस ने मामले मे पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक. 0/25 धारा 296, 118(1),351(2), 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया।

### दोनो पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया ने बताया कि इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### संस्था प्रमुख एवं रसोईयों को दिया गया प्रशिक्षण



बरही तहसील अंतर्गत खितौली के शासकीय ईपीईएस बालक माध्यमिक शाला में शासन के निर्देशानुसार जनशिक्षक सीताराम तिवारी के नेतृत्व में जिला पंचायत एवं जनपद शिक्षा केंद्र बड़वारा के निर्देशानुसार शुक्रवार को स्कूल के संस्था प्रमुखों व रसोईयों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई व किचन की साफ–सफाई व मीनू के आधार पर भोजन बनवाने पर विस्तृत चर्चा की गई प्रशिक्षण के सभी संस्था प्रमुखों व रसोईयों की उपस्थिति रही ।

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 4 शिफ्ट में 15 कर्मचारियों की लगाई गई डयूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानसून सत्र के दौरान बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें एवं जान-माल की क्षति को को कम करने के उद्धेश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाकर बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी सागर नायक सहायक राजस्व अधिकारी को नियुक्त किया गया है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा एक आदेशानुसार बाढ़ नियंत्रण कक्ष चार शिफ्ट में कार्य करेगा। प्रथम शिफ्ट प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक, द्वितीय शिफ्ट दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक, तृतीय शिफ्ट सायं 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक तीन तीन कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है।

# शहर में कहीं भी नहीं दिखे गंदगी, सफाई कर्मचारियों को उपस्थिति देने की हिदायत

नगर में स्वच्छता को लेकर उपायुक्त ने बैठक में दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने शुक्रवार को स्वास्थ्य अमले एवं सभी इंजीनियर के साथ बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहर के सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। आगामी दो दिवस में उन्होंने शहर के सभी डिवाइडर की सफाई किए जाने के विशेष निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही शहर के सभी मार्गों, चौराहों, सेल्फी प्वाइंट,यात्री प्रतीक्षालय में भी नियमित सफाई किए जाने हेतु कहा है। सभी सफाई कर्मियों की नियमित समय पर उपस्थिति दर्ज करने की भी हिदायत दी है।

उपायुक्त ने डोर टू डोर कचरे का कलेक्शन एवं सफाई उपरांत कचरे का नियमित उठाव के साथ किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। नगर को स्वच्छ रखने हेतु आदतन सड़क में कचरे फेंकने वालों पर नियमित चालानी कार्यवाही किए जाने हेतु कहा है।

## तालाबों का अस्तित्व हो रहा खत्म, खड़ी हो रही बड़ी-बड़ी इमारतें

# नदियों की टूट रही जल धार, पानी का मचा हाहाकार





गर्मी के महीनों में कभी इतराती हुई नदिया हरियाली के नक्शे के साथ बहती थी अब उनकी धार मंद हो गई है। कई नदियां तो सूखने की कगार में पहुंच गई हैं। मुश्किल यह है कि तालाब भी सूख गए हैं। हैण्ड पंप भी जवाब दे रहे हैं। कैसे पीने के पानी व जानवरों को जिन्दा रखने की व्यवस्था होगी। इसको लेकर ग्रामीण परेशान हैं। गांव-गांव में मॉडल तालाब इस सपने के साथ करोड़ों रुपए खर्च कर बनवाए गए कि इन तालाबों में पूरे साल पानी भरा जाएगा। सूख भी जाएंगे तो गर्मी के दिनों में नहर व नलकूपों से भर दिया जाएगा पर हालात कुछ दूसरी है। 90 फीसदी मॉडल तालाबों में धूल उड़ रही है। गांव हों या कस्बे हर जगह पानी को लेकर हाहाकार मचा है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले मे अब प्राकृतिक जलस्त्रोतों पर लापरवाही का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। कई नदियां नाले में तब्दील हो गई तो प्रदूषण मे नर्मदा और सोन नदी की धार फंस गई है। जिले के प्रमुख तालाबों पर अतिक्रमण कर उन पर इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मनरेगा द्वारा तालाबों की खुदाई और उनकी सफाई में काफी पैसा बहाया गया, लेकिन हालातों की तस्वीर नहीं बदली जा सकी। नई पीढ़ी के लिए चंदास नदी का नाम इतिहास बनकर ही रह गया है। इसके प्रवाह क्षेत्र में धूल उड़ रही है। यह नदी प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। इस कारण इसकी उपयोगिता जनमानस के लिए सिद्ध नहीं हो रही है। रही बड़ी नदियां नर्मदा और सोन नदी की तो इनकी भी हालत जिले में कोई अच्छी नहीं है। प्रदूषण का शिकार ये दोनों नदियां है। हम लोग तो किसी तरह से व्यवस्था कर लेंगे लेकिन पशुओं के लिए पानी कैसे आएगा। बांधो में पानी न होने से सिंचाई विभाग ने पहले ही हाथ खड़े कर दिए हैं। गांवो में लगे 30 फीसदी हैण्डपंप या तो तकनीकी खराबी से बिगड़े पड़े हैं या फिर जलस्तर नीचे चले जाने से बेकार हो गए हैं। दशकों में नदियां सबसे ज्यादा मनुष्य की ज्यादतियों का शिकार हुई हैं। पहाड़ों में हो रही और मैदानों में होने वाली पारिस्थितिक और सामाजिक क्षति को छिपाया नहीं जा सकता है।

### घटती जा रही तालाबों की संख्या

प्राकृतिक जलस्त्रोतों में सबसे बड़ी महत्ता तालाबों की होती है। जिले में तालाब भी थे, लेकिन यह उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो गए। इस कारण भू माफियाओं ने इन पर कब्जे कर इमारते खड़ी कर दीं। कुछ तालाबों का अस्तित्व ही खत्म हो गया। उधर प्राकृतिक जलस्त्रोतों के रूप में तालाबों का निर्माण प्रत्येक ग्राम पंचायत में कराया गया। मनरेगा के तहत इसकी खुदाई और सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपए खर्च भी किए गए, लेकिन हालातों में कोई सुधार नहीं आया। विकास के बारे में भिन्न दृष्टिकोण हो सकते हैं। राजनैतिक दलों की सोच बहुत सारे मामलों में आज चाहे एक जैसा हो गया हो, पर विभिन्न समुदायों ने अभी अपनी तरह से सोचना नहीं छोड़ा है। नदियों के पानी के इस्तेमाल के बाबत भी एकाधिक दृष्टिकोण हैं। समाज तथा सरकार के पास सर्वहितकारी दृष्टिकोण को समझने-स्वीकारने का विकल्प रहता है। लोकतंत्र में मनमाना निर्णय स्वीकार्य नहीं है। शायद समाधान का सही रास्ता भी यही है।

## आचार्य दक्षता परीक्षा में 91 आचार्य दीदियों ने दी सहभागिता







हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**शिक्षक की गुणवत्ता ही विद्यालय की आत्मा होती है, और इस गुणवत्ता को परखने व निखारने हेतु विद्या भारती महाकौशल प्रांत के तत्वावधान में "आचार्य दक्षता परीक्षा 2025" का सफल आयोजन अनूपपुर जिला केंद्र में किया गया। यह परीक्षा विशेष रूप से शहरी विद्यालयों की आचार्य दीदियों के लिए निर्धारित की गई थी, जिसका उद्देश्य आचार्यों की शैक्षणिक दक्षता एवं विषयवस्तु पर पकड़ का मूल्यांकन करना रहा।**

परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक शांतिपूर्ण और सुसंगठित वातावरण में संपन्न हुई। इस परीक्षा में अनूपपुर जिले के 9 विद्यालयों से कुल 91 आचार्य दीदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। परीक्षा के सफल संचालन में जिला संगठन की समर्पित भूमिका उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में विभाग समन्वयक राम शिरोमणि शर्मा, विद्या भारती के जिला सचिव प्रदीप सोनी, जिला केंद्र व्यवस्थापक आदर्श दुबे, एवं प्राचार्य सतीश चंद्र सिंह की सक्रिय उपस्थिति और मार्गदर्शन सराहनीय रहा। सभी संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, आचार्य दीदियों एवं समस्त विद्यालय स्टाफ, परीक्षा समन्वयकों का पूर्ण सहयोग रहा। शहडोल विभाग के विभाग समन्वयक राम शिरोमणि शर्मा ने कहा, यह परीक्षा आचार्यों के ज्ञान, समर्पण और शिक्षण की गुणवत्ता का प्रतिबिंब है। हमारा प्रयास है कि हर आचार्य निरंतर सीखता रहे और अपने छात्रों को श्रेष्ठतम दे सके। जिला सचिव प्रदीप सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा, विद्या भारती न केवल शिक्षण बल्कि आचार्य निर्माण की संस्था है। इस प्रकार की परीक्षाएं हमारे उद्देश्य 'संस्कारयुक्त शिक्षा' की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जिला केंद्र व्यवस्थापक आदर्श दुबे ने कहा, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का आधार कुशल आचार्य हैं। यह परीक्षा न केवल मूल्यांकन है, बल्कि आत्मविश्लेषण और सुधार की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। विद्या भारती का यह प्रयास यह सिद्ध करता है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि संस्कारों, नैतिकता, और आचार्य के सतत विकास से जुड़ी प्रक्रिया है। यह परीक्षा सिर्फ परीक्षा नहीं एक अनुभव है एक सोचा जी भविष्य में भी शिक्षकों की गुणवत्ता संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## कोल इंडिया में दावों व बिलों के निबटारे की समय सीमा तय, विलंब पर नहीं होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।

कोल इंडिया प्रबंधन ने विभिन्न प्रकार के दावों व बिलों के निबटारे के लिए समय सीमा तय कर दी है। निर्धारित समय के बाद किसी प्रकार के दावों व बिलों का भुगतान नहीं किया जायेगा। इस आलोक में जारी अधिसूचना के मुताबिक वित्त विभाग ने कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मियों के विभिन्न प्रकार के दावों और बिलों के समयबद्ध निपटारे को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिया है। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। तय समय के भीतर दावे प्रस्तुत करना अब अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है, कि निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी बिल या दावे के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित 'विलंब की क्षमा याचना' संलग्न होना अनिवार्य होगा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के शहडोल संभाग के भीतर सोहागपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र, जमुना कोतमा क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र आते हैं। जहां पर हजारों की संख्या में कोलकर्मी कार्यरत हैं। कोल इंडिया की इस अधिसूचना के बाद अब समय से दावा किया जा सकेगा।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 1 अगस्त को

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा ''बूझो जानो फिर देखो अपना प्रदेश'' मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज-2025 अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 01 अगस्त 2025 को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक, साहित्यिक व ऐतिहासिक विरासत से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। क्विज का आयोजन दो चरणों में होगा। क्विज के प्रथम चरण हेतु पंजीयन 25 जून से 18 जुलाई तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले के शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई. एवं केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12वीं तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राऐं भाग ले सकेगें। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का पंजीयन विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन कराया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज में भाग लेंगे।

## आवश्यक मेंटेनेंस के कारण आज एक घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** ऊर्जा विभाग के अधीक्षण यंत्री ने बताया कि रविवार 15 जून को आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के लिए कोतमा रोड विद्युत सब स्टेशन से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर सुबह 7 से 8 तक बंद रहेंगे जिससे समस्त अनूपपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित रहेगा उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

**यह परियोजना लेकर आ रही उम्मीद, रोजगार और प्रगति की रोशनी**

# जिले में 1320 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना को प्रभावित किसानों और ग्रामीणों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



जिले के ग्राम रक्शा एवं कोलमी में प्रस्तावित 1320 मेगावाट की न्यू जोन प्राइवेट लिमिटेड ताप विद्युत परियोजना को लेकर जिले में ऐतिहासिक मोड़ आया, जब त्रिस्तरीय संयुक्त बैठक में ग्रामीणों, प्रशासन और कंपनी प्रतिनिधियों के बीच समन्वय और सहमति का एक दुर्लभ उदाहरण देखने को मिला। बैठक का आयोजन ग्राम रक्शा एवं कोलमी की 476.788 हेक्टेयर निजी भूमि पर प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा के तहत किया गया। इसमें अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, एसडीएम कमलेश पुरी, नायब तहसीलदार चक्रवर्ती, और न्यू जोन कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पांडेय व सुशील कांत मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में प्रभावित किसान, सरपंचगण और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विकास और विश्वास की नींव पर संवादअपर कलेक्टर पांडेय ने स्पष्ट कहा कि यह परियोजना अनूपपुर के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगी, लेकिन इस विकास में ग्रामीणों के हक़ और हित सर्वोपरि रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति पारदर्शी है और प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि हर पात्र हितग्राही को न्याय मिले। एसडीएम कमलेश पुरी ने बैठक को साझा संवाद का माध्यम बताते हुए सभी पक्षों से सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने ग्रामीणों की हर मांग को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों की मांगें और जनभागीदारीबैठक में ग्राम पंचायत रक्शा के सरपंच सहित अमोल सिंह, चक्रधर मिश्रा, आदित्य राठौर, प्रीतम सिंह, अशोक मिश्रा, देवघर मिश्रा, कैलाश साहू एवं अन्य प्रभावित किसानों ने कंपनी से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि भूमि देने वाले प्रत्येक परिवार को उनकी योग्यता के अनुसार निश्चित समय-सीमा में रोजगार मिले और मुआवजा राशि जमीन के अनुपात में पारदर्शी तरीके से दी जाए।कोलमी पंचायत के नरेंद्र राठौर बालेश्वर, रामस्वरूप उपाध्याय, लालमणि सहित गांव के प्रभावित किसानों सहित सरपंच कोलमी ने प्रस्ताव दिया कि मुआवजा राशि का वितरण ग्राम सभा के माध्यम से पारदर्शिता के साथ हो, जिससे ग्राम समुदाय की सहभागिता भी सुनिश्चित हो सके।ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में CSR फंड का प्राथमिक उपयोग रक्शा-कोलमी के समग्र विकास हेतु,4 लाख की एकमुश्त सहायता राशि पूर्व में दी गई राशि का समायोजन करते हुए एवं 1 लाख की किश्तों में भुगतान (50,000 × 2) का भुगतान इस प्रकार कम्पनी द्वारा कुल पांच लाख रुपए निर्धारित समय सीमा में कराया जाए परियोजना प्रारंभ होने पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार देना, 191 खातेदारों प्रभावित हैं उनमें सह खाते दार सहित 350 पात्र जनों को नौकरी की गारंटी शामिल रही। न्यू जोन कंपनी की प्रतिबद्धता सुशील कांत मिश्रा असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट मिश्रा ने आश्वस्त किया कि ग्रामीणों की हर मांग कंपनी की प्राथमिकता है। मुआवजा वितरण में कोई विलंब न हो इसके लिए उन्होंने आवश्यक दस्तावेज शीघ्र जमा करने की अपील की।वहीं सुधाकर पांडेय ने स्पष्ट कहा, "यह परियोजना सिर्फ पावर प्लांट नहीं, बल्कि अनूपपुर का भविष्य है। यह जिला प्रदेश ही नहीं, देश भर में पहचान बनाएगा। ग्रामीणों के सहयोग से हम विकास की एक नई गाथा लिखेंगे। उपस्थित ग्रामीणों का उत्साह इस बात का संकेत था कि अब वे केवल दर्शक नहीं, बल्कि विकास के साझेदार हैं। न्यू जोन कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पांडेय ने अंत में सभी ग्रामीणों, सरपंचों, पत्रकारों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह परियोजना केवल एक औद्योगिक निवेश नहीं, बल्कि अनूपपुर की आशाओं और आकांक्षाओं को ऊर्जा देने वाला स्तंभ बनेगी। यह बैठक सिर्फ संवाद नहीं, अनूपपुर जिले के औद्योगिक युग की आधारशिला थी। ग्रामीणों का समर्थन, प्रशासन की पारदर्शिता और कंपनी की प्रतिबद्धता इस परियोजना को राष्ट्रीय आदर्श मॉडल बना रही है। 1320 मेगावाट की यह परियोजना, केवल बिजली नहीं, बल्कि उम्मीद, रोजगार और प्रगति की रोशनी लेकर आ रही है।

# प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें की थीम के साथ मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

### एमबी पॉवर जैतहरी ने किया पर्यावरण पखवाड़ा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एमबी पॉवर (मध्यप्रदेश) लिमिटेड जैतहरी परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर पर्यावरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह समारोह 27.05.2025 से 10.06.2025 तक मनाया गया। यह पखवाड़ा वर्ष 2025 की थीम ''प्लास्टिक प्रदुषण समाप्त करें '' पर केन्द्रित, जैतहरी बस स्टैंड से दीपक नगर टाउनशिप तक एक प्रदुषण जागरूकता रैली, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, पोस्टर पेंटिंग, नारा लेखन, भाषण, सामूहिक पौधारोपण जैसे कार्यक्रमों के संचालन के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के कर्मचारी, कामगारबंधु और कंपनी आवासीय परिसर दीपकनगर से महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पखवाड़े में बेहतर प्रदर्शन करने वाले इन प्रतिभागियों को कंपनी प्रबंधन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। 10.06.25 को पखवाड़े का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कंपनी के सी ओ ओ एवं प्लांट हेड शआनंद देशपांडे ने पर्यावरण दिवस पर अपने विचार रखें और कहा कि हम प्रकृति के संसाधनों को विरासत में नहीं पाते हैं, बल्कि उन्हें हम अपनी आने वाली पीढ़ियों से उधार लेते हैं। हम अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस, सुरक्षा दिवस जैसे दिवस तो इसलिए मनाते हैं ताकि हमें अपने अधिकार मालुम रहें लेकिन पर्यावरण दिवस हमें अपना उत्तरदायित्व याद दिलाता हैं। एफजीडी प्लांट लगाकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सल्फर जैसे तत्व वातावरण में न फैलें।कार्यक्रम के दौरान उजस्थितजनों ने व्यक्तिगत स्तर पर बदलाव लाने एवं प्लास्टिक उपयोग से बचने अथवा सीमित उपयोग करने के लिये सामूहिक शपथ ली।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश श्रीवास्तव के द्वारा कहा गया कि शुद्ध पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है, पर्यावरण शुद्धता के बिना प्रथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्लास्टिक प्रदूषण एक सवेदनशील और चिंता का विषय है। प्लास्टिक प्रदूषण के रोकथाम हम सबकी जिम्मेदारी है।कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन प्रमुख आरके खटाना ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से वाटर टू ड्रिंक, फ़ूड्स टू ईट, सेल्टर टू लाइव मिलता हैं, तो हम समझ सकते हैं पर्यावरण को बचाना, पृथ्वी की रक्षा करना हम सबके लिए कितना जरुरी है और बताया कि आज हमारे सामने न केवल वायु प्रदुषण, जल प्रदूषण एक चुनौती है इनके अलावा प्लास्टिक प्रदूषण



भी एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रहा है, इसके प्रति हमें सतर्क होना होगा। कंपनी के मेंटेनेंस विभाग प्रमुख टी एम पाई ने कहा कि हमें प्रसन्नता है कि हमनें प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र जैसी अवधारणाओं को अपनाया है, जो प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ एकता की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ऐसे कार्यों के लिये छोटे छोटे कदम भी बहुत मायने रखते हैं - ऐसा कहा जाता है कि एक प्लास्टिक की बोतल को सड़ने में वर्षो लग जाते हैं। एक स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में काम करना जारी रखें। कार्यक्रम का संचालन कंपनी के पर्यावरण एवं सुरक्षा विभाग के प्रमुख डॉ0 भोला कुशवाहा के नेतृत्व में विभागीय दल के द्वारा किया गया एवं डॉ0 कुशवाहा ने वर्ष की थीम पर अपने विचार रखे और प्लास्टिक से होने बाले दुष्परिणामो को साझा किया। विभाग के सहायक प्रबंधक मुकेश कुमार ने उपस्थित जन के समक्ष पर्यावरण पर एक कविता प्रस्तुत की जिसके बोल थे शुद्ध वातावरण स्वच्छ पर्यावरण और सभी अतिथियो के द्वारा कार्यक्रम में अपना अपना बहुमूल्य समय देने के लिये वोट ऑफ थैंक्स के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## संजीव पांडेय ने किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मदद करने की हदय से इच्छा रखने वाले और इंसानियत का फर्ज निभाने वाले दुर्लभ ही मिलते है। ग्राम बम्हनी निवासी श्रीमती सुनीता पटेल अत्यधिक बीमार थी, जिनका ईलाज जिला मुख्यालय स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था, खून की आवश्यकता पडने पर परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से मदद मांगी, जिसके बाद निःस्वार्थ सेवा संगठन' समूह में जुडे हुए पत्रकार संजीव पांडेय को इसकी जानकारी मिली। फोन से संपर्क कर कोयलांचल नगरी बिजुरी से ट्रेन के माध्यम से अनूपपुर पहुंचकर परिजनों के साथ जिला चिकित्सालय पहुंच कर रक्तदान किये।

## जिले में आयोजित किए जायेंगे विशेष सेवा शिविर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष पिछडी जनजाति (बैगा) समुदाय कों संचालित शासकीय योजनाओं से लाभान्तिव करने कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के चारो विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों तथा नगरीय क्षेत्र में 13 जून से 5 जुलाई तक विशेष सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में आधार पंजीयन एवं अद्यतन, राशन कार्ड निर्गमन, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) कार्ड वितरण, जाति प्रमाण पत्र जारी करना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (PM-KISAN) में नामांकन, जन-धन खाता की सुविधा प्राप्त होगी। यह अभियान जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सीएससी, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारीगण एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स के समन्वित प्रयास से संचालित किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष पिछडी जनजाति (बैगा) समुदाय को संचालित शासकीय योजना से लाभान्वित करने जिला प्रशासन द्वारा जारी शिविर कैलेंडर के अनुसार 16 एवं 17 जून को जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी , जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत ठोढीपानी में, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरगा में तथा नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के वार्ड नंबर 3, नगरपालिका बिजुरी वार्ड नंबर 15 के आंगनबाड़ी केंद्र, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 15 में, नगर परिषद जैतहरी के वार्ड नंबर 15 में,नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 13 में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ने विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) समुदाय के लोगों से विशेष सेवा शिविर का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## 16 जून से 15 अगस्त की अवधि में कलेक्टर ने किया बंद ऋतु घोषित

### अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय-विक्रय रहेगा प्रतिबंधित



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3(2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है, इस अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतः निषेध किया गया है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उक्त अवधि में जिले की संपूर्ण सीमा क्षेत्र में तालाबों, जलाशयों, नदियों एवं नालों में अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय-विक्रय आदि कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। उन्होंने कहा है कि बंद ऋतु की अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय-विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध अधिनियम प्रावधानों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत म.प्र. मत्स्योद्योग अधिनियम 1981 की धारा 5 की उपधारा (5) के तहत उल्लंघनकर्ता को दोषी पाये जाने पर 01 वर्ष का कारावास या 5000 रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से (01 वर्ष का कारावास एवं 5000 रुपये तक का जुर्माना) दंडित किया जाएगा।